**प्रैस नोट**

**दिनांक 31.08.2023**

## केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल में वन महोत्सव–2023 कार्यक्रम का आयोजन।

आज दिनांक 31 अगस्त, 2023 को संस्थान में वन महोत्सव–2023 का आयोजन किया गया। संस्थान के विभिन्न प्रक्षेत्रों तथा केम्पस क्षेत्र में 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। सजावटी एवं औषधीय पौधे जिनमें मुख्यतः नीम, शीशम, अशोक, पाम, तून, मोर पंखी, अमलताश, इत्यादि शामिल थे। सर्वप्रथम डा0 राकेश बन्याल, अध्यक्ष, वन महोत्सव कमेटी ने मुख्य अतिथि तथा संस्थान के निदेशक डा0 आर.के. यादव का स्वागत किया और वन महोत्सव के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य अतिथि तथा संस्थान के निदेशक डा0 आर.के. यादव ने कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वन महोत्सव संस्थान में हर वर्ष मनाया जाता है दिन–प्रतिदिन प्रदूषण और वैश्विक तापमान बढ़ रहा है जिसको नियंत्रित करने में वनों का महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उनकी उचित देखभाल भी करनी चाहिए। विकास कार्यों के कारण भारत में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में वृक्ष कट जाते हैं। जिससे पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचता है। हमें पर्यावरण के लिये अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। हमें अपने आस–पास के व्यक्तियों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते रहना होगा। हमें विज्ञान के साथ–साथ पर्यावरण को भी बढ़ावा देना चाहिए। उन्होने आहवान किया की लगाए जा रहे पौधो का संरक्षण एवं रख रखाव उचित ढंग से किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर संस्थान के सभी प्रभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया।






महोत्सव
Mahotsav
2023

